# गरीब परविारों को आर्थकि रूप से सुदृढ़ बनाने के लयि हरयिाणा के ज़लिों में लगाए जाएंगे अंत्योदय मेले

## चर्चा में क्यों?

26 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश के हर गरीब परविार को आर्थकि व सामाजकि रूप से सुदृढ़ करने के मद्देनज़र प्रत्येक ज़लि में 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परविार उत्थान योजना'के तहत अंत्योदय मेले लगाए जाने की घोषणा की।

## प्रमुख बदुि

- इन अंत्योदय मेलों की शुरुआत 29 नवंबर से होगी और इसे क्रमानुसार चलाकर सभी लाभपात्रों को कवर करते हुए वभिन्नि योजनाओं का लाभ देना सुनशि्चति कयिा जाएगा।
- अंत्योदय मेलों के माध्यम से गरीब परविारों को कसिी-न-कसिी योजना के साथ जोड़कर परविार की आय 1.80 लाख रुपए तक पहुँचाने के लयि कार्य कयिा जाएगा।
- इन मेलों में लीड बैंक के साथ-साथ अन्य बैंकों को भी भागीदारी करने की सलाह दी गई और लाभार्थयिों को योजनाओं का लाभ लेने संबंधी पूरा वविरण समझाया जाएगा तथा प्रयास कयिा जाएगा कि उन्हें जल्द-से-जल्द योजना संबंधी ऋण स्वीकृति पत्र सुपुर्द कयिा जाए।
- इन मेलों में ऐसे लाभार्थी युवाओं की भी तलाश की जाएगी, जन्हिें हरयिाणा कौशल रोज़गार नगिम के माध्यम से प्रशक्षिण देकर स्वरोज़गार अपनाने या फरि कसिी क्षेत्र में रोज़गार के लयि तैयार कयिा जा सके।
- मेलों के पहले चरण में लाभार्थयिों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें बैंक द्वारा अनुमति की कार्यवाही की जाएगी तथा दूसरे चरण में यह अनुमति-पत्र लाभार्थी को प्रदान कर स्कीम का लाभ दयिा जाएगा।
- मेले के आयोजन के बाद लाभार्थयिों से फीडबैक भी प्राप्त कयिा जाएगा।
- इन मेलों की सफलता सुनशि्चति करने के लए जलिा उपायुक्त स्वयं इसे मानीटर करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/antyodaya-fairs-will-be-organized-in-the-districts-of-haryana-to-make-poor-families-financially-strong